भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 316

05 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील प्लांट (वीआईएसपी) का बंद होना

316. श्री प्रमोद तिवारी :
श्री लहर सिंह सिरोया :

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भद्रावती स्थित विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील प्लांट (वीआईएसपी) के बंद होने के संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार आंशिक रूप से चालू करने हेतु इस संयंत्र का पुनरुद्धार करने की योजना बना रही है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने वीआईएसपी के बंद हो जाने के कारण इसके कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए कोई कार्रवाई की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क)से(घ): निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के दिनांक 14/10/2022 और 31/10/2022 के कार्यालय ज्ञापन के निदेशानुसार, विश्वेश्वरैया लौह एवं इस्पात संयंत्र, भद्रावती को बंद करने की प्रक्रिया शुरु की गई है। वर्तमान में, संयंत्र के कुछ प्रचालन यानि प्राईमरी मिल, बार मिल और फोर्जिंग प्रेस इकाइयाँ आवश्यकतानुसार प्रचालित हैं। कर्मचारियों के मुद्दों सहित, सभी मामलों का समाधान उपयुक्त रूप से दीपम के निदेशानुसार किया जाएगा।

*****